# वाशिंग मशीन एक्सचेंज प्रोग्राम

## कम आमदनी वाले परिवारों को अप्रभावी वॉशिंग मशीन बदलने में मदद करना, ताकि पानी और ऊर्जा बच सके और रहने का खर्च कम हो सके।

## पृष्ठभूमि

वॉशिंग मशीन एक्सचेंज प्रोग्राम कम आमदनी वाले परिवारों को पुराने टॉप-लोडर की जगह डिस्काउंट वाली एनर्जी और पानी बचाने वाली फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन खरीदने के लिए बढ़ावा देता है, जिससे पानी और बिजली का इस्तेमाल कम होता है। यह पर्यावरण के लिए और रहने का खर्च कम करने के लिए बहुत अच्छा है।

रिप्लेसमेंट वॉशिंग मशीन की कीमत $250 है और इससे हर मशीन पर हर साल लगभग 20,000 लीटर (20 किलोलीटर) पानी की बचत होगी, साथ ही घर के पानी, बिजली और डिटर्जेंट का सालाना खर्च औसतन $300 कम हो जाएगा।

यह प्रोग्राम क्लाइमेट चेंज, एनर्जी, एनवायरनमेंट और वॉटर डिपार्टमेंट चला रहा है। गुड गाइज़ कमर्शियल (Good Guys Commercial) को एक प्रतिस्पर्धात्मक टेंडर के बाद वॉशिंग मशीन सप्लाई करने का कॉन्ट्रैक्ट मिला था।

### इसके लिए कौन पात्र है?

प्रोग्राम के पात्र होने के लिए यह ज़रूरी है कि आप निम्न स्थितियों को पूरा करें:

- NSW के निवासी होना
- 18 वर्ष से अधिक आयु होना
- Centrelink या Department of Veterans' Affairs का वैलिड पेंशनर कंसेशन कार्ड, हेल्थ केयर कार्ड* या लो इनकम कार्ड धारक होना
- बदलने के लिए पहले से मौजूद टॉप-लोडिंग वॉशिंग मशीन का आपके पास होना
- 2022 वॉशिंग मशीन रिप्लेसमेंट ट्रायल या 2025 में वॉशिंग मशीन एक्सचेंज प्रोग्राम के पहले राउंड में हिस्सा नहीं लिया होना।

  * इस ऑफर के लिए कॉमनवेल्थ सीनियर्स हेल्थ कार्ड काफी नहीं है।

प्रोग्राम में हिस्सा लेने के लिए आपको ऊपर दी गई सभी पात्रता ज़रूरतें पूरी करनी होंगी।

### इसमें कितना खर्च होगा?

सफल आवेदकों को $250 (GST मिलाकर) देने होंगे, जिसमें वॉशिंग मशीन, डिलीवरी, इंस्टॉलेशन और 2 साल की वारंटी शामिल है। सफल आवेदकों के पास भुगतान करने के लिए 21 दिन का समय होगा। पुरानी वॉशिंग मशीन को हटाकर रीसायकल किया जाएगा।

© डिपार्टमेंट ऑफ़ क्लाइमेट चेंज, एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर 2024 के माध्यम से न्यू साउथ वेल्स राज्य। इस पब्लिकेशन में दी गई जानकारी फरवरी 2026 में लिखे जाने के समय के ज्ञान और समझ पर आधारित है, और इसमें बदलाव हो सकता है।
और अधिक जानकारी के लिए, कृपया dcceew.nsw.gov.au/copyright पर जाएँ।
PUB26/111 | TMP-MC-FS-V1.3

## आवेदन कब शुरू होंगे और कब समाप्त होंगे?

प्रोग्राम के लिए आवेदन 24 फरवरी 2026 को खुलेंगे और सभी मशीनें आवंटित होने पर बंद हो जाएंगे। बाद में अगले राउंड शायद हो सकते हैं।

## मैं कहां आवेदन करूं?

आप washingmachines.water.dcceew.nsw.gov.au पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं ।

## आवेदनों को प्रोसेस करने में कितना समय लगता है?

आवेदन जमा करने में 5 से 10 मिनट लगेंगे। कुछ आवेदनों को तुरंत उसी समय मंज़ूरी दे दी जाएगी, जबकि दूसरे आवेदनों को पात्रता के लिए मैन्युअली जांचना होगा । लक्ष्य यह होता है कि सभी आवेदनों को 10 कार्य दिवसों के अंदर प्रोसेस कर दिया जाए।

## केवल फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन को ही क्यों शामिल किया जाता है?

फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन पानी, डिटर्जेंट और एनर्जी की सबसे ज़्यादा बचत करती हैं।

## सिर्फ़ एक ही तरह और साइज़ की मशीन क्यों उपलब्ध है?

हमने एक ऐसा मॉडल चुना जिससे पानी की अच्छी बचत हो सके और बल्क (ज्यादा मात्रा) में खरीदने पर सबसे अच्छी कीमत मिल सके, ताकि हम और अधिक मशीनें खरीद सकें, तथा और ज़्यादा लोग इस प्रोग्राम से फ़ायदा उठा सकें।

## मेरे घर के लिए इससे कितनी बचत होगी?

आपका घर पानी, एनर्जी और डिटर्जेंट के खर्च पर हर साल लगभग $300 की बचत कर सकता है। अनुमान है कि आप हर साल लगभग 20 किलोलीटर पानी की बचत करेंगे - यह बैकयार्ड स्विमिंग पूल भरने के लिए काफी है!

## क्या मेरी वॉशिंग मशीन मेरे घर के अलावा कहीं और डिलीवर हो सकती है?

नहीं। हम सिर्फ़ पात्र व्यक्ति के प्राथमिक आवासीय पते पर ही डिलीवरी कर सकते हैं, जो Centrelink के रिकॉर्ड में है। हम दूसरे घरों या दूसरे लोगों के पते पर मशीन डिलीवर नहीं कर सकते हैं।

## क्या मैं एक से ज़्यादा मशीनें खरीद सकता हूँ?

नहीं, इस प्रोग्राम में हर पात्र घर-परिवार को एक मशीन दी जा रही है।

## अगर मेरे पास बदलने के लिए टॉप-लोडिंग वॉशिंग मशीन नहीं है तो क्या होगा?

प्रोग्राम के पात्र होने के लिए, आपके पास एक पुरानी टॉप-लोडिंग वॉशिंग मशीन ज़रूरी है।

## क्या प्रोग्राम के भाग के तौर पर दूसरे उपकरणों की पेशकश भी की जाएगी?

नहीं। दूसरे तरह के उपकरण देने का कोई योजना नहीं है।

## क्या मैं अपनी पुरानी वॉशिंग मशीन रख सकता हूँ?

नहीं। मौजूदा वॉशिंग मशीन को बदलना ऑफ़र की एक ज़रूरी शर्त है। अगर मंज़ूरी मिल जाती है, तो हमारे सप्लायर आपकी नई वॉशिंग मशीन डिलीवर और इंस्टॉल करते समय रीसाइक्लिंग के लिए आपकी मौजूदा मशीन हटा देंगे।

## मेरा आवेदन नामंज़ूर क्यों किया गया?

हम Centrelink ऑनलाइन सिस्टम का इस्तेमाल करके सभी आवेदनों का सत्यापन करते हैं। आपका आवेदन नामंज़ूर कर दिया जाएगा यदि:

- आपके पास वैध रियायत कार्ड की पात्रता नहीं है
- आपने या आपके पते पर किसी ने पहले ही इस प्रोग्राम के ज़रिए डिस्काउंट वाली वॉशिंग मशीन खरीद ली है
- आवेदन में इस्तेमाल किया गया नाम और/या डिलीवरी पता, Centrelink के पास मौजूद विवरण से मेल नहीं खाता है।

अगर आपने हाल ही में घर बदला है, तो आपको Services Australia (सर्विसेज़ ऑस्ट्रेलिया) के साथ अपना पता अपडेट करना होगा और अपना आवेदन दोबारा जमा करना होगा।

## दूसरे अप्लायंस रिटेलर्स को प्रोग्राम में शामिल क्यों नहीं किया गया है?

हमने NSW सरकार के खरीद कानून के अनुसार, एक प्रतिस्पर्धात्मक टेंडर प्रक्रिया के बाद ऑफर के लिए एक सप्लायर को पार्टनर के तौर पर चुना। ऑफर को प्रभावपूर्ण ढंग से डिलीवर करने के लिए, यह ज़रूरी है कि रिटेल पार्टनर:

- पूरे न्यू साउथ वेल्स भर में उपकरण डिलीवर करे और हटाए
- उनके पास बड़ी मात्रा में सप्लाई करने की क्षमता हो
- उनके पास कॉल सेंटर की सुविधा उपलब्ध हो
- विस्तृत औरनियमित रिपोर्टिंग प्रदान करे।

इन सभी ज़रूरतों को पूरा करने के साथ-साथ, रिटेलर/सप्लायर को वॉशिंग मशीन की शुरुआती (अपफ्रंट) कीमत को और कम करने के लिए काफ़ी डिस्काउंट भी देना था। ज़्यादा रिटेलर/सप्लायर को शामिल करना व्यवहारिक नहीं था क्योंकि इससे प्रोग्राम चलाना और महंगा हो जाता, जिससे उन घरों की संख्या कम हो जाती जिनकी हम मदद कर सकते थे।

हमने एक प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया के माध्यम से प्रोग्राम के लिए The Good Guys Commercial (द गुड गाइज़ कमर्शियल) को अपना रिटेलर/सप्लायर चुना।

## डिलीवरी का खर्च कितना है?

हमने वॉशिंग मशीन की सब्सिडी (छूट) वाली कीमत में डिलीवरी का खर्च भी शामिल कर लिया है।

## मुझे अपना आवेदन/ऑर्डर ऑनलाइन जमा करने में दिक्कत हो रही है, क्या आप मदद कर सकते हैं?

अगर आपको अपना आवेदन/ऑर्डर ऑनलाइन जमा करने में दिक्कत हो रही है, तो कृपया द गुड गाइज़ कमर्शियल टीम से **1300 225 564 पर,** सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार के बीच संपर्क करें, और वे फ़ोन पर आपका ऑर्डर पूरा करने में आपकी मदद करेंगे।

## अगर मेरी मशीन खराब हो जाए तो क्या होगा?

अगर आपको अपनी नई वॉशिंग मशीन में कोई समस्या है, तो कृपया 1300 225 564 पर द गुड गाइज़ कमर्शियल टीम से संपर्क करें, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार। या commercialsupport@thegoodguys.com.au पर ईमेल करें ।

## इस बार मुझे वॉशिंग मशीन नहीं मिली। अगला राउंड कब होगा?

वॉशिंग मशीनें पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दी जाती हैं। मशीनों का आवंटन समाप्त हो जाने पर इस राउंड के लिए और मशीनें उपलब्ध नहीं होंगी।

भविष्य में आने वाले राउंड्सड के बारे में अपडेट रहने के लिए, कृपया ईमेल अपडेट के लिए सब्सक्राइब करें । कृपया ध्यान दें, सब्सक्राइब करने का मतलब है कि आपको ईमेल अपडेट मिलेंगे, लेकिन भविष्य में आगे के राउंड खुलने पर आपको वॉशिंग मशीन के लिए आवेदन करना होगा।

# और अधिक जानकारी के लिए

**हमारी वेबसाइट पर जाएँ:** वॉशिंग मशीन एक्सचेंज प्रोग्राम | वॉटर
**ईमेल:** washingmachines@dcceew.nsw.gov.au